आज

प्रयागराज, शनिवार २० दिसम्बर, २०२५

हिन्दीको कामकाजकी नहीं हृदयकी भाषा बनायें-महाप्रबन्धक

कोर में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समितिकी बैठक आयोजित



केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक रामेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी।

महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा में काम करने में कोई मुश्किल नहीं है बस जरूरत हैं हमें अंग्रेजी की सोच से बाहर निकलने की तथा अपनी मातृभाषा को अपनाने की। उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी के साथ-साथ राष्ट्रीय गौरव का भी विषय है । उन्होंने कहा कि संगठन में राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास भी किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दी को केवल कामकाज की भाषा न समझकर, इसे अपने हृदय की भाषा बनायें। अधिक से अधिक हिन्दी भाषा में पढ़ें, हिन्दी में लिखें और अपने दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ावा दें।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी डाक्टर एस एस नेगी ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है फिर भी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु हमें लगातार प्रयत्नशील रहना होगा। बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष डी.के.सिन्हा, मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर(कार्य), वीरेन्द्र वर्मा, मुख्य सामग्री प्रबंधक सहित सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं अन्य सभी अधिकारी तथा राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव बृजेश चौधरी ने किया ।

अमर उजाला

प्रयागराज | शनिवार, 20 दिसंबर 2025

सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग हमारी सांविधानिक जिम्मेदारी : रामेंद्र कुमार

प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक रामेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग हमारी सांविधानिक जिम्मेदारी के साथ ही राष्ट्रीय गौरव की बात भी है। राजभाषा अधिकारी डॉ. एसएस नेगी ने भी हिंदी को सांवैधानिक जिम्मेदारी के साथ ही एकता का विषय बताया। इस दौरान प्रमुख विभागाध्यक्ष डीके सिन्हा, मुख्य सिग्नल व दूर संचार इंजीनियर उपेंद्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर वीरेंद्र शर्मा आदि रहे। संवाद

सहज स्वराज्य 20/12/25

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

(सहज स्वराज्य संवाददाता)

प्रयागराज।केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक श्री रामेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में दिनांक 19.12.2025 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा में काम करने में कोई मुश्किल नहीं है बस जरूरत हैं हमें अंग्रेजी की सोच से बाहर निकलने की तथा अपनी मातृभाषा को अपनाने की । उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी के साथ-साथ राष्ट्रीय गौरव का भी विषय है । उन्होंने कहा कि संगठन में राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास भी किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि हिन्दी को केवल कामकाज की भाषा न समझकर, इसे अपने हृदय की भाषा बनाएँ । अधिक से अधिक हिन्दी भाषा में पढ़ें, हिन्दी में लिखें और अपने दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ावा दें।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. एस. एस. नेगी ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है फिर भी निर्धारित लक्ष्यों की हेतु हमें लगातार प्रयत्नशील रहना होगा । उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी न केवल हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, हमारी गौरवशाली संस्कृति और अस्मिता की भी संवाहक है । प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी का सहज, सरल और अधिकाधिक प्रयोग हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष श्री डी.के.सिन्हा , मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, श्री उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर(कार्य), श्री वीरेन्द्र वर्मा, मुख्य सामग्री प्रबंधक सहित सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं अन्य सभी अधिकारी तथा राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारी शामिल हुए । बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य- सचिव श्री बृजेश चौधरी ने किया ।



स्वतंत्र चेतना
www.swatantrachetnanews.com
20/12/25
प्रयागराज महा

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक रामेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा में काम करने में कोई मुश्किल नहीं है बस जरूरत हैं हमें अंग्रेजी की सोच से बाहर निकलने की तथा अपनी मातृभाषा को अपनाने की। उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी के साथ-साथ राष्ट्रीय गौरव का भी विषय है। उन्होंने कहा कि संगठन में राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दी को केवल कामकाज की भाषा न समझकर, इसे अपने हृदय की भाषा बनाएँ। अधिक से अधिक हिन्दी भाषा में पढ़ें, हिन्दी में लिखें और अपने दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ावा दें।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. एस. एस. नेगी ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का प्रयोग-



प्रसार निरंतर बढ़ रहा है फिर भी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु हमें लगातार प्रयत्नशील रहना होगा। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी न केवल हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, हमारी गौरवशाली संस्कृति और अस्मिता की भी संवाहक है। प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी का सहज, सरल और अधिकाधिक प्रयोग हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष डी.के.सिन्हा, मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर(कार्य), वीरेन्द्र वर्मा, मुख्य सामग्री प्रबंधक सहित सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं अन्य सभी अधिकारी तथा राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव बृजेश चौधरी ने किया।

चेतना विचारधारा 20/12/25 प्रयागराज महान

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक रामेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा में काम करने में कोई मुश्किल नहीं है बस जरूरत है हमें अंग्रेजी की सोच से बाहर निकलने की तथा अपनी मातृभाषा को अपनाने की। उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी के साथ-साथ राष्ट्रीय गौरव का भी विषय है। उन्होंने कहा कि संगठन में राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दी को केवल कामकाज की भाषा न समझकर, इसे अपने हृदय की भाषा बनाएँ। अधिक से अधिक हिन्दी भाषा में पढ़ें, हिन्दी में लिखें और अपने दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ावा दें।

इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. एस. एस. नेगी ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का प्रयोग-



प्रसार निरंतर बढ़ रहा है फिर भी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु हमें लगातार प्रयत्नशील रहना होगा। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी न केवल हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, हमारी गौरवशाली संस्कृति और अस्मिता की भी संवाहक है। प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी का सहज, सरल और अधिकाधिक प्रयोग हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष डी.के.सिन्हा, मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, उपेन्द्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर(कार्य), वीरेन्द्र वर्मा, मुख्य सामग्री प्रबंधक सहित सभी विभागों के संपर्क अधिकारी (राजभाषा) एवं अन्य सभी अधिकारी तथा राजभाषा का कार्य देख रहे कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव बृजेश चौधरी ने किया।